दिनांकः 14.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज दोपहर निवेश बोर्ड की बैठक लेंगे। मुख्यमंत्री निवास पर होने वाली इस बैठक में राइजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू को धरातल पर उतारने और सिंगल विंडो के जरिये उद्योगों की राह आसान करने पर चर्चा की जाएगी। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और उद्योग विभाग के अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहेंगे।
प्रदेश में ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस और निवेश प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए कम्पलायंस रिडक्शन और डीरेग्यूलेशन के दूसरे चरण की तैयारियां की जा रही हैं। इस बीच, मुख्य सचिव ने इस संबंध में केन्द्रीय कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन को पत्र लिखकर जानकारी दी है। पत्र के अनुसार राज्य सरकार ने 28 प्राथमिकता और वैकल्पिक प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की है। इनमें निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो, उच्च शिक्षा, स्कूली शिक्षा, यूडीएच, रीको, श्रम, उद्योग और पर्यटन सहित अन्य बिंदु शामिल हैं। गौरतलब है कि लोगों को उद्योगों की स्थापना, संचालन और आवास निर्माण के लिए कम से कम चरणों वाली आसान प्रक्रिया हो, इसके लिए सरकार ने कम्पलायंस रिडक्शन और डीरेग्यूलेशन का पहला चरण चलाया था। इसकी सफलता को देखते हुए अब दूसरा चरण शुरू होने जा रहा है। मुख्य सचिव ने बताया कि इसके जरिये व्यवसाय करने में सुगमता को बढ़ावा दिया जाएगा और एकीकृत सिंगल विंडो उपलब्ध करवाई जाएगी।

000

राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर तेज गति से लोगों की शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि पोर्टल पर प्राप्त हुई 10 हजार 297 शिकायतों में से 10 हजार 97 शिकायतों को निस्तारण किया जा चुका है। 1 हजार से अधिक शिकायतों का निस्तारण कर जयपुर जिला अव्वल रहा है। दूसरे स्थान पर जोधपुर और तीसरे स्थान पर अलवर जिला है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग 1 हजार से अधिक शिकायतों का निपटारा कर शीर्ष स्थान पर रहा है।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज से अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी के प्रवास पर हैं। उनका आज करवास में राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के शिलान्यास समारोह में शिरकत करने का कार्यक्रम है। श्री बिरला 132 केवी जीएसएस के लोकार्पण समारोह में भी शामिल होंगे। इसके बाद वे मादलिया और कसार ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में भाग लेंगे। श्री बिरला कल शिवरात्री पर्व पर आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

000

जोधपुर में आज कृषि विज्ञान मेला आयोजित किया जा रहा है। एक दिन के इस मेले का आयोजन जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय और इफको की ओर से किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर वीएस जैतावत ने बताया कि मेले की थीम मरुधरा में विकसित कृषिः आत्मनिर्भर भारत रखी गई है। मेले में विभिन्न जिलों के किसान और कृषि कार्यों से जुडे उद्यमी भाग ले रहे हैं। मेले में श्री अन्न सहित खाद्य वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

000

जयपुर के चाकसू क्षेत्र में आज तड़के सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। घटना कोटा–जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर टिंगरिया मोड़ के पास कार और ट्रक की टक्कर से हुई। चाकसू थाना अधिकारी मनोहर लाल मेघवाल ने बताया कि हादसे का शिकार कार सवार लोग मध्य प्रदेश के निवासी थे और जयपुर की ओर आ रहे थे। हादसे का कारण झपकी आना बताया जा रहा है।

000

महाशिवरात्री पर्व कल मनाया जाएगा। इसके लिए प्रदेशभर में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। सवाईमाधोपुर जिले के शिवाड़ स्थित घुश्मेश्वर महादेव मंदिर पर लगने वाले महाशिवरात्री वार्षिक मेले

की आज ध्वजारोहण के साथ शुरूआत हुई। 19 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 फरवरी को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 131वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 20 फरवरी तक स्वीकार किए जाएंगे।

000